द्वितीय वार्षिक अनुसंधान दिवस मनाया गया

25 मार्च 2022 को संस्थान के संस्थापक संयुक्त निदेशक स्वर्गीय डॉ. बीएस चवन की स्मृति में डॉ. बीएस चवन मल्टीपर्पस हॉल, ब्लॉक सी, राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31, चंडीगढ़ में द्वितीय वार्षिक अनुसंधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका गर्ग थी।

संस्थान के विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ आडवाणी रत्नम ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि का परिचय विशेष शिक्षा के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव के धनी के रूप में दिया। उन्होंने कहा कि बौद्धिक दिव्यांगता के क्षेत्र में डॉ चवन ने अनुसंधान को सदैव प्रोत्साहित किया।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32, चण्डीगढ़ के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं से लोगों को अवगत कराया एवं डॉ चवन के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। जीएमसीएच 32 के मनोचिकित्सक डॉक्टर शिवांगी ने बताया की अनुसंधान एक व्यवस्थित अध्ययन है और उन्होंने राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान में संचालित विभिन्न शोधों की जानकारी दी।

इस अवसर पर संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स जैसे बीन बैग थ्रो, हिट द कोन, सेंड गेम, बॉल इन बास्केट, लेमन रेस और टग ऑफ वार का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आनंदित हुए। मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका गर्ग ने स्टाफ द्वारा की गई प्रस्तुतियों की सराहना की उन्होंने कहा कि मुझे राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान देखने की इच्छा थी जो आज पूरी हुई।

श्रीमती रेणुका गर्ग और डॉक्टर जसविंदर कौर ने कार्यक्रम की सराहना की। क्लीनिक प्रभारी डॉ रीना जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किए। कार्यक्रम में ग्रिड कॉलेज के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ नाजली एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा भी उपस्थित थे।

.

संस्थान के विशेष विद्यालय की छात्रा रितु और दृष्टि मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका गर्ग को फूलों की गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए।.

जीएमसीएच - 32, चंडीगढ़ के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ. जसविंदर कौर एवं विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम मुख्य अतिथि को पौधे भेंट कर स्वागत करते हुए।

संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर को पौधे भेंट कर सम्मानित करते हुए विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम।

दीप प्रज्वलित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर।

श्रीमती रेणुका गर्ग, डॉ शिवांगी, डॉ रीना जैन एवं डॉ वाणी रत्नम (तस्वीर में बाएं से दाएं) और श्री जसपाल शर्मा (दाएं) दीप प्रज्वलित करते हुए।

मुख अतिथि का परिचय कराते हुए डॉ आर वाणी रत्नम।

संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत करते हुए डॉ जसविंदर कौर

ग्रिड में अनुसंधान की स्थिति की जानकारी देते हुए मनोचिकित्सा विभाग, जीएमसीएच 32 के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शिवांगी।

स्वच्छ भारत मिशन अनुसंधान परियोजना पर प्रस्तुति देते हुए योगा थैरेपिस्ट सुश्री परिणीता

विशेष शिक्षा में असेसमेंट उपकरण पर अपनी प्रस्तुति देते हुए रिसर्च असिस्टेंट श्रीमती वंदना।

ग्रिड क्लीनिक में ऑनलाइन टेली थैरेपी पर अपनी प्रस्तुति देते हुए क्लिनिक प्रभारी डॉ रीना

तस्वीरों में : मुख्य अतिथि (मध्य) को स्मृति चिन्ह एवं विशेष विद्यालय के छात्रों के द्वारा बनाए गए वस्तुओं का गिफ्ट हैंपर भेंट करते हुए डॉ जसविंदर कौर (बाएं) एवं डॉ वाणी रत्नम (दाएं).

श्रीमती रेणुका गर्ग प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए

डॉ बीएस चवन मल्टीपर्पस हॉल, ब्लॉक सी, ग्रिड में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारीगण प्रतिभागी, ग्रीड स्टाफ एवं कॉलेज के विद्यार्थी।

तस्वीरों में (ऊपर से) हिट द कोन खेलते हुए नवरीत (ऊपर बाएं), डॉ जसविंदर कौर (ऊपर दाएं)और एक टर्न लेते हुए श्रीमती रेणुका गर्ग (नीचे)

बॉल इन द बास्केट गेम में भाग लेते हुए व्हीलचेयर स्टूडेंट्स।

GRIID school students playing Bean Bag Throw

सैंड गेम में भाग लेते हुए संस्थान के विशेष विद्यालय के विद्यार्थी गण।

सैंड गेम के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए श्रीमती रेणुका गर्ग, डॉ जसविंदर कौर एवं डॉ वाणी रत्नम।.

टग ऑफ वार गेम्स में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

मुख्य अतिथि शेल्टर वर्कशॉप की सिलाई यूनिट का दौरा करते हुए। इस यूनिट में अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाले गाउन, स्प्लिट सीट्स एवं मास्क इत्यादि तैयार किए जा रहे हैं।

शेल्टर वर्कशॉप के तहत सैनिटरी नैपकिंस इकाई का दौरा करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका गर्ग।

ग्रिड में एनुअल रिसर्च डे मनाया

चंडीगढ़ | सेक्टर-31 स्थित गवर्नमेंट रिहैब्लिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटीज के डॉ. बीएस चवन मल्टीपर्पज हॉल में उन्हीं की याद में दो दिवसीय दूसरा एनुअल रिसर्च डे मनाया गया। ग्रिड की प्रिंसिपल डॉ. आर वाणी रत्नम ने कहा कि डॉ. चवन ने रिसर्च को हमेशा बढ़ावा दिया।

समाचार कवरेज

मुख्य अतिथि के साथ ग्रिड स्टाफ एवं विद्यार्थी गण।